श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 119, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 5 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# यूपी में आज से शुरू होगा 'मिशन रोजगार'

## 50 लाख युवाओं को रोजगार के लायक बनाएगी योगी सरकार

**उत्तर प्रदेश में रोजगार स्वरोजगार कौशल प्रशिक्षण व अप्रेंटिस के जरिये इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 50 लाख युवाओं को रोजगार के लायक बनाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए शनिवार से मिशन रोजगार की शुरूआत होगी।**



**लखनऊ [राज्य ब्यूरो]।** उत्तर प्रदेश में रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण व अप्रेंटिस के जरिये इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 50 लाख युवाओं को रोजगार के लायक बनाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए शनिवार से 'मिशन रोजगार' की शुरूआत होगी। इस विशेष अभियान की सफलता के लिए मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी ने विस्तृत निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत प्रशिक्षण, विभिन्न लाइसेंस और अनुमतियों के जरिये भी युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए जाएंगे। मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी ने मिशन रोजगार के तहत विभिन्न विभागों, संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, निगमों, परिषदों, बोर्डों, विकास प्राधिकरण व औद्योगिक विकास प्राधिकरण समेत अन्य प्राधिकरणों की भूमिका होगी। अभियान के तहत युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के सृजन के साथ ही कौशल प्रशिक्षण, अप्रेंटिस के जरिये, भूमि आवंटन, विभिन्न प्रकार के लाइसेंस व अनुमतियां देकर रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

मिशन रोजगार अभियान में विभिन्न कार्यों के लिए संबंधित विभाग विस्तृत कार्ययोजना बनाएंगे और आंकड़े एकत्रित करके वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित नियुक्तियां, प्रशिक्षण, अनुमतियों, आवंटन के जरिए रोजगार के अवसर बढ़ाएंगे। उत्तर प्रदेश में इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक 50 लाख युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा कि हर विभाग, संगठन व प्राधिकरण के प्रत्येक कार्यालय में एक रोजगार हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। हेल्प डेस्क पर उस विभाग में संबंधित रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण व अप्रेंटिस से जुड़े कार्यक्रमों की पूरी जानकारी रहेगी। इसके अलावा हेल्प डेस्क पर एक रजिस्टर भी रहेगा, जिसमें रोजगार व स्वरोजगार की जानकारियां हासिल करने वालों का ब्योरा दर्ज किया जाएगा। योजनाओं में लाभार्थी चयन के समय ऐसे इच्छुक लोगों को बुलाया जाएगा। ऐसे विभाग जिनकी रोजगार, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण व अप्रेंटिस की योजनाएं आनलाइन चल रही हैं, वे रोजगार हेल्प डेस्क के जरिए आगंतुकों को आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए प्रेरित करेंगे तथा उनका डाटाबेस भी तैयार करेंगे।

मुख्य सचिव राजेंद्र तिवारी ने बताया कि मिशन रोजगार के तहत समस्त डाटा रखने की जिम्मेदारी तथा इस संबंध में एक एप व पोर्टल विकसित करने की जिम्मेदारी प्रशिक्षण व रोजगार निदेशालय की होगी। इसके लिए बजट की व्यवस्था श्रम विभाग करेगा। प्रशासकीय विभागों के अंतर्गत सभी निदेशालय/निगम/बोर्ड/ आयोग अपने विभाग के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करेंगे और उसकी प्रविष्टि पोर्टल पर कराई जाएगी। प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय निजी उद्योगों के साथ मिलकर रोजगार मेलों का आयोजन भी करेगा। विभिन्न विभाग स्वरोजगार से जुड़े कार्यक्रमों के लिए कार्यशालाएं व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराएंगे। विशेष अभियान चलाकर इस दौरान पूर्व से लंबित चल रहे भर्ती प्रकरणों का निस्तारण कराया जायेगा। विभिन्न विभाग नौकरियों के संबंध में चयन आयोगों को 100 प्रतिशत रिक्तियों के विरुद्ध अधियाचन भेजेंगे।

## माल्या के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की बड़ी कार्रवाई, फ्रांस में 16 लाख यूरो की संपत्तियां जब्त की

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** प्रवर्तन निदेशालय ने भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने धन शोधन रोधी कानून के तहत फ्रांस में विजय माल्या की 16 लाख यूरो (14 करोड़ रुपये) की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि हमने फ्रांसीसी अधिकारियों से इस कार्रवाई की गुजारिश की थी। इसके बाद फ्रांसीसी अधिकारियों ने संपत्ति जब्त की। फ्रांस में यह संपत्ति 32 एवेन्यू एफओसीएच में स्थित है। प्रवर्तन निदेशालय ने बताया कि जब्त की गई संपत्ति का मूल्य लगभग 14 करोड़ रुपए है। ईडी की मानें तो धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की गई जांच में पाया गया था कि संपत्ति के निर्माण के लिए किंगफिशर एयरलाइंस लिमिटेड के बैंक खाते से एक बड़ी राशि विदेश भेजी गई थी। मालूम हो कि माल्या नौ हजार करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में आरोपी हैं।

वह देश छोड़कर फरार हो चुका है। मार्च 2016 से ही वह ब्रिटेन में हैं। बीते मई महीने में ही माल्या ब्रिटेन के सुप्रीम कोर्ट में मनी लांड्रिंग एवं हजारों करोड़ की धांधली के मामले में भारत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपनी अपील हार गया था। ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट में माल्या की शिकस्त के बाद से भारत लगातार ब्रिटेन पर भगोड़े शराब कारोबारी के प्रत्यर्पण के लिए दबाव बना रहा है। बीते दिनों भारत के विदेश सचिव हर्षवर्द्धन श्रृंगला जब लंदन यात्रा पर गए थे तो भारत ने माल्या और नीरव मोदी को जल्द भारत के हवाले किए जाने की मांग ब्रिटेन सरकार से की थी। उन्होंने दोनों के प्रत्यर्पण के लिए ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल और दक्षिण एशियाई मामलों के विदेश मंत्री लॉर्ड तारिक अहमद से बात की थी। वहीं ब्रिटेन का कहना है कि माल्या को भारत के हवाले तब तक नहीं किया जाएगा जब तक कि गोपनीय कानूनी मामले का समाधान नहीं हो जाता है। फिलहाल ब्रिटेन और भारत इस मामले को जल्द सुलझाने की कोशिशें कर रहे हैं। ब्रिटेन की कार्यकारी हाई कमिश्नर जैन थाम्पसन ने कहा था कि माल्या को प्रत्यर्पित करने से पहले एक जरूरी कानूनी मसले को सुलझाना होगा। इसके सुलझने तक प्रत्यर्पण नहीं हो सकता है। हालांकि उन्होंने इस मसले के बारे में नहीं बताया था।

## एनजीटी का सभी नगर निगमों को निर्देश, सड़कों की सफाई से पहले पानी का करें छिड़काव

**नई दिल्ली, पीटीआइ।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने एनसीआर एवं अन्य शहरों के सभी नगर निगमों और स्थानीय निकायों से सड़कों पर झाड़ू लगाने से पहले पानी का छिड़काव किया जाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश उन शहरों के लिए दिया गया है जहां हवा की गुणवत्ता खराब है। एनजीटी के अध्यक्ष जस्टिस आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से पानी का इस्तेमाल होना चाहिए न कि साफ पानी का। पीठ ने कहा, हम 'एनसीआर के सभी नगर निगमों, स्थानीय निकायों, जहां हवा की गुणवत्ता का स्तर सामान्य रूप से सही नहीं है और अन्य शहरों जहां की हवा की गुणवत्ता खराब और उससे ज्यादा है, को सड़क पर झाड़ू लगाने से पहले पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दे रहे हैं।' पीठ ने सड़क के किनारे की खाली जगह, सड़क की पटरी और खुली धूल वाली जगहों पर घास, छोटी बूटियां और झाड़ियां लगाने का निर्देश दिया है। पटरी भी उचित तरीके से ढकी हो ताकि धूल पैदा नहीं हो सके। एनजीटी ने इसके साथ ही कचरा जलाने पर रोक लगाने और निर्माण में ढहाने की गतिविधियों का नियमन करने को भी कहा है। एनजीटी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उदासीनता दिखाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (एनएचएआइ) को फटकार लगाई। एनजीटी ने कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण के बुरे प्रभाव को कम करने के लिए राजमार्ग के दोनों तरफ ग्रीन कवर अत्यंत आवश्यक है। एनजीटी ने कहा कि एनएचएआइ का कहना है कि सड़कें कन्सेशनर द्वारा बनाई गई हैं और कानून का पालन करना उनकी जवाबदेही है। यह स्पष्ट रूप से स्वीकार करने लायक नहीं है और यह लापरवाही के साथ ही भरोसा तोड़ने वाला एवं वैधानिक कर्तव्य से पलायन दशार्ता है।

# अयोध्या: जमीन पर उतरने लगी भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण की तैयारी

**अयोध्या, जेएनएन।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में महीनों के होमवर्क के बाद भव्य और दिव्य श्रीराम मंदिर निर्माण की तैयारी जमीन पर उतरने लगी है। कार्यदायी संस्था एलएंडटी एवं टाटा कंसल्टेंसी के विशेषज्ञों की देख-रेख में उन स्थलों को चिह्नित किया जाने लगा है, जहां मंदिर की पुख्ता नींव तैयार करने के लिए पाइलिंग होनी है। एक हजार वर्ष तक अक्षुण्ण रहने वाले इस कालजयी मंदिर के लिए नींव की मजबूती को बेहद अहम माना जा रहा है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट नींव की मजबूती से कोई समझौता नहीं करना चाहता। 360 फीट लंबे, 235 फीट चौड़े और 161 फीट ऊंचे श्रीराम मंदिर के लिए 20 से 60 मीटर तक गहरी और एक मीटर व्यास की 1200 पाइलिंग होनी है। पाइलिंग के ऊपर राफ्टिंग के बाद प्री कास्ट सीमेंट अथवा चुनार के पत्थर की पांच-छह फीट मोटी परत से मंदिर की नींव को और पुख्ता करने की योजना है।

**कुल 1200 पाइलिंग का होना है निर्माण :** नींव के लिए जरूरत के हिसाब से 20 से 60 मीटर तक गहरी और एक मीटर व्यास की कुल 1200 पाइलिंग का निर्माण होना है। युगों तक पाषाण के मंदिर का भार संभाल सकने वाली पाइलिंग को बेहद दृढ़ बनाए जाने का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। पाइलिंग निर्माण की प्रक्रिया क्या होगी और इसमें प्रयुक्त कंक्रीट-सीमेंट का क्या अनुपात होगा, इसका परीक्षण आइआइटी, चेन्नई सहित कई अन्य अंतरराष्ट्रीय ख्याति की निर्माण संस्थाओं के विशेषज्ञों की देख-रेख में गत माह ही कर लिया गया है।

**इसी माह स्थायी पाइलिंग का निर्माण होगा शुरू :** टेस्ट पाइलिंग के निर्माण और परीक्षण के बाद समझा जाता है कि इसी महीने की 15 तारीख से स्थायी पाइलिंग का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। इस उम्मीद को



अयोध्या में ही सात-आठ दिसंबर को प्रस्तावित राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक से भी बल मिल रहा है। पाइलिंग के स्थलों का चूने से चिह्नीकरण इसी तैयारी का पूवार्भास माना जा रहा है। श्रीराम जन्मभूमि पर प्रस्तावित मंदिर 360 फीट लंबा और 235 फीट चौड़ा है। पाइलिंग रामलला के मूल गर्भगृह को समेटे इसी भू क्षेत्र में होनी है।

**मंदिर की नींव को लेकर अति सतर्कता :** राम मंदिर निर्माण की मुहिम से जुड़े विहिप के प्रांतीय प्रवक्ता शरद शर्मा के अनुसार मंदिर की नींव को लेकर अति सतर्कता बरती जा रही है और निर्माण की दिशा में फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाया जा रहा है। शर्मा का मानना है कि पाइलिंग का निर्माण शुरू होने के साथ मंदिर निर्माण की गति पूरी तीव्रता से आगे बढ़ेगी और वह दिन दूर नहीं, जब भव्य-दिव्य मंदिर आकार लेता नजर आने लगेगा। प्रस्तावित मंदिर 161 फीट ऊंचा होगा और इसमें एक मुख्य शिखर तथा पांच उप शिखर होंगे। मंदिर में पौने चार लाख टन पत्थर प्रयुक्त होने का अनुमान है।

**आठ दिसंबर को मंदिर के मूल ढांचे पर लगेगी अंतिम मुहर :** सात और आठ दिसंबर को श्रीराम जन्मभूमि परिसर में राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक होगी, जिसमें मंदिर निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर निर्णायक चर्चा होगी। मूल ढांचे के निर्माण पर भी मुहर लगेगी। इसमें निर्माण समिति सहित एलएंडटी व टाटा के कंसल्टेंट इंजीनियर और आइआइटी, चेन्नई समेत देश भर के कई अन्य विशेषज्ञ शामिल होंगे। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र दिल्ली से बैठक में शामिल होने आएंगे। वे दो दिनी प्रवास के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक भी कर सकते हैं।

**नींव की मजबूती के लिए होगा गहन विचार विर्मश :** राम मंदिर निर्माण समिति बैठक में श्रीराम मंदिर की नींव की मजबूती के लिए विशेषज्ञों की ओर से तैयार प्रस्ताव पर गहन विचार विर्मश होगा और अंतिम प्रारूप पर मुहर लगेगी। नींव की मजबूती व उसमें प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री के संयोजन के फामूर्ले पर अंतिम फैसला किया जाना है। विशेषज्ञ मंदिर के परकोटे में निर्मित होने वाले भवन व पिलर्स के निर्माण के लिए मानचित्र के अनुरूप स्थल भी तय करेंगे। इसका जायजा लेंगे। टेस्ट पाइलिंग तैयार होने के बाद नींव की मजबूती पर अलग-अलग स्थानों पर बैठकों का दौर जारी है।

# पांचवें दौर की वार्ता आज, किसानों ने किया आठ दिसंबर को भारत बंद का एलान

**किसान संगठन के नेताओं ने कहा कि एमएसपी पर सरकार से बात चल रही है लेकिन हम तीनों कानून वापस करवा कर रहे हैं। यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम आंदोलन और तेज करेंगे। आठ दिसंबर को भारत बंद रहेगा।**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कृषि कानूनों को लेकर पिछले दो महीने से चल रहे आंदोलन का हल निकालने के लिए आज केंद्र सरकार और किसानों के बीच पांचवें दौर की वार्ता होगी। इस बीच, किसानों ने नए कृषि कानूनों को पूरी तरह रद करने के लिए दबाव बढ़ाते हुए आठ दिसंबर को भारत बंद का एलान किया है।

किसान संगठनों और केंद्र सरकार के मंत्रियों के बीच अब तक चार दौर की बातचीत हो चुकी है। गुरुवार को विज्ञान भवन में हुई लंबी वार्ता में सकारात्मक संकेत मिलने के बाद शुक्रवार को संयुक्त किसान मोर्चा ने दबाव की रणनीति का दांव खेला है। सिंघु बॉर्डर पर आयोजित प्रेस वार्ता में किसान नेताओं ने साफ तौर पर कहा कि वे तीनों कानून को रद करने पर आंदोलन को समाप्त करेंगे। उन्होंने देश के विभिन्न ट्रेड यूनियनों के भी समर्थन का दावा किया।

मोर्चा के सदस्य व किसान नेता हरिंदर सिंह लखोवाल ने कहा कि गुरुवार को हुई बैठक में केंद्र सरकार ने नए कृषि कानूनों में बिजली व पराली को लेकर किए गए प्रावधानों को वापस लेने व न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने पर करीब-करीब सहमति दी है। लेकिन, हमने कहा कि सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाकर कृषि कानूनों को वापस ले। इससे कम पर किसी भी सूरत में किसान मानने वाले नहीं हैं।

किसान नेता युद्धवीर सिंह, मोर्चा के सदस्य योगेंद्र यादव, बलदेव सिंह, बूटा सिंह फूल की मौजूदगी में लखोवाल ने कहा कि पांच दिसंबर को किसान देशभर में मोदी सरकार व कॉरपोरेट घरानों का पुलता फूंकेंगे। सात दिसंबर को जिन लोगों को केंद्र सरकार से पुरस्कार मिले हैं, वे उसे वापस कर आंदोलन का समर्थन करेंगे। इसके साथ ही आठ दिसंबर को पूरा भारत बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद टोल प्लाजा को भी एक दिन के लिए फ्री कराया जाएगा। हालांकि इसके लिए उन्होंने निर्धारित दिन नहीं बताया। बंगाल से आए पूर्व सांसद व ऑल इंडिया किसान सभा के नेता हनन्न मौला ने कहा कि शनिवार को केंद्र के साथ होने वाली बैठक में कृषि कानूनों में संशोधन पर बात नहीं बनेगी, क्योंकि पूरा कानून सिर से लेकर पैर तक सड़ा हुआ है। केंद्र सरकार को इसे वापस लेना ही होगा।

# पीएम मोदी ने कहा- चंद हफ्ते दूर है वैक्सीन, देश ने सस्ते और सुरक्षित वैक्सीन पर जताया भरोसा

**दुनिया के कई देशों में नए सिरे से कोरोना के संक्रमण के तेजी से फैलने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री वैक्सीन आने तक मास्क और दो गज की दूरी बनाए रखने को जरूरी बताया। मोदी ने कहा कि राज्यों को कम कीमत पर सस्ती वैक्सीन उपलब्ध होगी।**




**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** कोरोना के खिलाफ लड़ाई के अंतिम चरण में पहुंचने का साथ ही जल्द ही इसके अंत की शुरूआत के साफ संकेत मिल लगे हैं। फरवरी-मार्च में आशंका और डर भरे माहौल से दिसंबर के विश्वास और उम्मीदों से भरे वातावरण के बीच भारत की लंबी यात्रा को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में आठ वैक्सीन ह्यूमन ट्रायल के विभिन्न फेज में है और विशेषज्ञों की हरी झंडी मिलते ही इस उपलब्ध करा दिया जाएगा।

सर्वदलीय बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विभिन्न दलों के नेताओं को भरोसा दिया कि राज्यों के साथ विचार-विमर्श के बाद ही वैक्सीन की कीमत तय की जाएगी।

कोरोना महामारी की शुरूआत के बाद प्रधानमंत्री ने दूसरी बार सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के साथ-साथ कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और गुलाम नवी आजाद, एनसीपी के शरद पवार, टीएमसी के सुदीप बंद्योपाध्याय और एसपी के राम गोपाल यादव समेत विभिन्न दलों के नेता मौजूद थे।

बैठक में विभिन्न नेताओं ने कोरोना वैक्सीन की स्थिति, उसकी उपलब्धता, कीमत जैसे मुद्दों को उठाया। बाद में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वैक्सीन को लेकर जो विश्वास इस चर्चा में नजर आया है, वो कोरोना के खिलाफ हमारी लड़ाई को और मजबूत करेगा।

मोडेरना और फाइजर का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने संकेत दिया कि भारत अपनी वैक्सीन पर ज्यादा भरोसा कर रहा है और उसके उपलब्ध होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। ध्यान देने की बात है कि ब्रिटेन ने फाइजर की वैक्सीन के उपयोग की अनुमति दे दी है और अगले हफ्ते से वहां यह लगने भी लगेगा, लेकिन प्रधानमंत्री के अनुसार वैक्सीन को लेकर पूरी दुनिया में हो रही तमाम चचाओं के बीच 'दुनिया की नजर कम कीमत वाली सबसे सुरक्षित वैक्सीन पर है' और भारत इसमें पूरी तरह सक्षम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यों के सहयोग के साथ लोगों को कम कीमत पर सस्ती वैक्सीन उपलब्ध कराया जाएगा और इसके लिए बातचीत चल रही है। उन्होंने उन प्राथमिकता वाले समूहों को भी गिनाया जिन्हें सबसे पहले वैक्सीन दी जाएगी। इनमें कोरोना के इलाज से जुड़े हेल्थकेयर वकर्स, कोरोना मरीजों के प्रबंधन से जुड़े फ्रंटलाइन वकर्स, पुलिसकर्मी और निकायकर्मी शामिल हैं। इसके साथ ही गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बुजुर्गो को भी प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन दी जाएगी।

देश में वैक्सीन की स्थिति की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुल आठ वैक्सीन का ट्रायल का चल रहा है, जिनका उत्पादन देश के भीतर ही होना है। इनमें से तीन वैक्सीन का विकास तो देश के भीतर ही किया गया है। तीन वैक्सीन उत्पादन कंपनियों के दौरे और इससे जुड़े वैज्ञानिकों के साथ बातचीत के बारे में बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे वैक्सीन की सफलता को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त हैं। प्रधानमंत्री के अनुसार कोरोना के खिलाफ लड़ाई में शुरूआत से ही भारत ने वैज्ञानिक नजरिये से काम किया, जिसका परिणाम है कि एक टेस्टिंग सेंटर से शुरू कर हम दुनिया में सबसे अधिक टेस्ट करने वाले देशों में शामिल हैं। यही नहीं, दूसरे देशों के मुकाबले भारत में मृत्युदर भी है। दुनिया के कई देशों में नए सिरे से कोरोना के संक्रमण के तेजी से फैलने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री वैक्सीन आने तक मास्क और दो गज की दूरी बनाए रखने को जरूरी बताया। उन्होंने सावधान किया कि वायरस कब क्या रूप अख्तियार करेगा, कोई नहीं जानता है, इसीलिए इसके प्रति सावधानी जरूरी है। प्रधानमंत्री ने बड़े पैमाने पर वैक्सीन दिये जाने के दौरान अफवाह फैलाये जाने के प्रति आगाह करते हुए सभी राजनीतिक दलों को इसके प्रति जनता को जागरूक करने की अपील की।

# चुनाव में बढ़त से भविष्य में भाजपा की राह होगी आसान

## औवेसी को उनके घर में मिल रही चुनौती



**नई दिल्ली (ऑनलाइन डेस्क)।** ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी धमाकेदार तरीके से न सिर्फ अपनी मौजूदगी दर्ज कर रही है बल्कि इसमें आगे भी बढ़ती दिखाई दे रही है। इस चुनाव के रिजल्ट पूरी तरह से भाजपा की सोच की ही तरह आते दिखाई दे रहे हैं। भाजपा ने इस चुनाव के कैंपेन के दौरान कहा था कि इस बार यहां पर भाजपा का महापौर होगा। चुनाव के रिजल्ट यदि इसी दिशा में आगे बढ़ते रहे तो ये काफी हद तक मुमकिन होगा।

बहरहाल, हैदराबाद में बढ़त लेकर भाजपा ने यहां पर वर्षों से जड़ें जमाए रखने वाली असदुद्दीन औवेसी की पार्टी एआईएमआईएम को गहरा झटका दिया है। कुछ ही समय पहले भाजपा ने महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में पहली बार अपने राज्य से बाहर निकल कर किसी अन्य राज्य में अपनी मौजूदगी दर्ज की थी। ऐसे ही बिहार विधानसभा चुनाव में भी उसकी पार्टी ने अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई। इसके बाद औवेसी की निगाह पश्चिम बंगाल के चुनाव पर लगी थी। इसके लिए उन्होंने वहां की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी से साथ चुनाव लड़ने का पासा भी फेंका था।

हैदराबाद के इस पूरे सियासी घमासान के बीच भाजपा की आगे की राह आसान होती साफतौर पर दिखाई दे रही है। वरिष्ठ पत्रकार और देश की राजनीति पर करीबी निगाह रखने वाले प्रदीप सिंह के मुताबिक ये चुनाव न सिर्फ औवेसी को उनके ही घर में चुनौती देने के लिए लड़ा गया था बल्कि इसमें पार्टी के निशाने पर यहां का विधानसभा चुनाव भी है। उनके मुताबिक राज्य में कांग्रेस का वजूद न के बराबर है और दूसरी पार्टियों की बात करें तो वो भी खास मायने नहीं रखती हैं। ऐसे में तेलंगाना में होने वाला विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए आगे की राह खोल सकता है। वहां तक पहुंचने की राह ग्रेटर हैदराबाद के नगर निगम चुनाव से ही होकर निकलती है।

प्रदीप सिंह का कहना है कि इस चुनाव के बाद कई सारी चीजें बेहद स्पष्ट हो जाएंगी। पहली- औवेसी का दायरा सीमित हो जाएगा। दूसरी- अब तक अन्य पार्टियां भाजपा और औवेसी पर गुपचुप तरीके से गठबंधन वाली पार्टी बताती थीं। लेकिन इस चुनाव से लोगों के दिमाग से ये गलतफहमी हमेशा के लिए मिट जाएगी। पहले इस गलतफहमी की वजह से औवेसी को अन्य समुदाय से भी समर्थन हासिल हो जाता था, अब वो बेहद कम या फिर खत्म हो जाएगा। उनके इस कथन का अर्थ बेहद साफ है कि भाजपा औवेसी को कमजोर कर राज्य में खुद को मजबूत करना चाहती है। मौजूदा रिजल्ट इसी तरफ इशारा भी कर रही है। हालांकि प्रदीप सिंह का ये भी कहना है कि पश्चिम बंगाल में औवेसी को कमजोर करना भाजपा की रणनीति नहीं होगी। उनके मुताबिक इसकी वजह है कि वहां पर यदि औवेसी मैदान में उतरते हैं तो वो किसी अन्य का नहीं बल्कि टीएमसी का ही नुकसान करेंगे। टीएमसी जितनी कमजोर होगी उतना ही भाजपा को वहां पर फायदा पहुंचेगा। जहां तक ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव की बात है तो प्रदीप सिंह मानते हैं कि भाजपा की निगाह में दक्षिण भारत में तेलंगाना दूसरा राज्य हो सकता है जहां पर पार्टी अपनी सरकार बनाने के करीब तक पहुंच सकती है। उनका ये भी कहना है कि यहां पर हुए विधानसभा चुनाव में पाटी ने ज्यादा मेहनत नहीं की थी इसके बाद भी पार्टी को ठीक-ठाक सीटें मिली थीं। इसको देखते हुए ही पार्टी ने स्थानीय स्तर पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने के लिए इस चुनाव का रुख किया था। उनके मुताबिक अब पश्चिम बंगाल में चुनाव में भाजपा पूरी तरह से उत्साहित होकर उतरेगी जबकि औवेसी पहले से ज्यादा आक्रामक दिखाई देंगे। वो यहां पर भाजपा को परोक्ष रूप से तो नहीं लेकिन दूसरे तरीके से फायदा दिलाने में कामयाब रहेंगे।

## संक्षेप समाचार

### दिव्यांगजनों को समान अवसर प्रदान करें समाज : कृष्णानंद

**करमा ।** विश्व विकलांगता दिवस के अवसर पर आज कौंधियारा विकासखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र के एकौनी, सेहरा, ढोढ़री, कैथा इत्यादि गाँवों में शिक्षक एवम समाजसेवी श्री कृष्णानंद के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के सामाजिक बराबरी एवम रोकथाम इत्यादि विषयों पर जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया उक्त अवसर पर युवा समाजसेवी श्री कृष्णानंद नें यह भी कहा कि दिव्यांगजन एक सामान्य व्यक्ति की भाँति जीवन में उच्च मुकाम हासिल करतें हैं । वर्तमान में भी तमाम दिव्यांगजन आई. ए. एस. , पी.सी.एस. इत्यादि बड़े पदों पर विराजमान हैं इसलिए समाज में सभी लोगों का यह नैतिक कर्तव्य बनता हैं कि दिव्यांग भाई एवम बहनों में किसी भी प्रकार का भेदभाव न करतें हुए समान अवसर प्रदान करें उक्त अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधी समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# करछना तहसील पर किसानों ने धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**करछना।** भारतीय किसान कल्याण संघ द्वारा तहसील परिसर करछना में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमें किसान बिल वापस लेने सहित किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर 10 सूत्रीय मांग पत्र मुख्य मंत्री को संबोधित कर उपजिलाधिकारी करछना को सौंपा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख करछना बिजयराज सिंह ने किसानो के आन्दोलन का समर्थन करते हुए उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाने मे पूरा सहयोग करेगे और किसानो की लड़ाई मे अपनी तरफ से पूरा सहयोग देगें। किसानो की प्रमुख मांगों मे प्रदेश के सभी जिलों व ब्लाकों में क्रय केन्द्रों की जांच करायी जाय और सभी प्रकार के धान की तौल कराई जाय,किसानों के मोबाइल पर इसकी मैसेज व तत्काल चेक दिया जाय, न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी दी जाय, किसानों के अनाज खरीद पर टैक्स न लिया जाय,



धरने पर बैठे किसान संघ के पदाधिकारी

किसानों के जमीन के फसल के ठेकेदारी नियम को वापस लिया जाय,पूंजीपतियों के हाथ से बचा कर मंडियों को किसानों के अधिकार से वंचित न किया जाय,बीज खाद के भाव कम किया जाय, किसानों को बिजली पानी मुफ्त दिया जाय। भारतीय किसान कल्याण संघ इन सभी मांगों को लेकर सरकार को आगाह किया है कि यदि उनकी मांगों का निवारण जल्द न किया गया तो प्रदेश की राजधानी मे संघ किसानों के साथ क्रमिक अनसन करने को मजबूर होगा। इस अवसर पर लाल बहादुर सिंह, पवनेश कुमार उपाध्याय के साथ दर्जनों किसान धरना प्रदर्शन मे मौजूद रहे।


लोगों को संबोधित करते एसएसपी प्रयागराज

## तीर्थ स्थल के साथ-साथ धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्र में भी आगे रहा है प्रयागराज : सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी

**हनुमानगंज।** उक्त बातें मोतीलाल नेहरु इंटर कालेज जमुनीपुर में मनाए जा रहे 75 वें स्थापना वर्ष के दौरान बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्व श्रेष्ठ त्रिपाठी ने कही। उन्हो ने यह भी कहा कि प्रयागराज हमेशा से धार्मिक तथा संध्या भजन जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के कलाकारों का गढ़ रहा है। उक्त विद्यालय में 75 वें गौरवशाली स्थापना वर्ष के अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष गंगापार अश्वनी कुमार द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान नव निर्मित आधूनिक शौचालय का लोकार्पण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने किया। जिले के सुप्रसिद्ध गायक रुपनारायण त्रिपाठी, मनोज कुमार गुप्ता, सम्राट गुरुमीत सिंह , द्वारा सुन्दर काण्ड तथा लोकगीत, गजल,भजन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी गई। इस अवसर पर प्रबंधक जयंत श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या रजतचन्द्र श्रीवास्तव, पं रामशिरोमणि मिश्र, जीतलाल त्रिपाठी, माता प्रसाद मिश्र, शिवचंद दुबे अमित कुमार मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# किसानों के समर्थन में इफको ठेका मजदूर संघ

**इफको ठेका मजदूर संघ के मंत्री ने कहा किसानों की मांग को सुनने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का कार्य कर रही है सरकार**

**फूलपुर।** किसानों के साथ सरकार द्वारा अमानवीय कृत्य किए जाने से नाराज इफको ठेका मजदूर संघ ने जोर विरोध किया। इफको गेट के पास स्थित सब्जी मंडी में शुक्रवार को लोकतांत्रिक व शान्ति पूर्वक विरोध प्रदर्शन करते हुए ठेका मजदूर संघ ने केन्द्र सरकार पर तनाशाही करने का आरोप लगाया। इफको ठेका मजदूर संघ के मंत्री कॉमरेड देवानन्द ने कहा कि तीन काला कानून के विरोध में जब किसान दिल्ली पहुँचकर अपनी बात रखना चाहता है तो सरकार किसानों की मांग को सुनने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि



किसानों के खिलाफ सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध करता मजदूर संघ

लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार सबको है तो किसान को रोककर सरकार लोकतंत्र की हत्या क्यो कर रही है। विरोध प्रदर्शन मे मुख्य रूप से भाकपा माले फूलपुर प्रभारी कॉमरेड त्रिलोकी पटेल, रामचंद्र, सालिकराम, अमर सिंह , राजनाथ, विरैंद्र मिश्र, जय प्रकाश, नान्हू दास, श्यामनरायन, पंकज पाल , सुनील मौर्य, टंटूराम सहित ठेका मजदूर संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मांगा विधायक विजय मिश्र का आपराधिक इतिहास

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानपुर के बाहुबली विधायक विजय मिश्र के आपराधिक इतिहास की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार से विधायक पर दर्ज 71 आपराधिक मामलो की स्थिति की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने विजय मिश्रा को भी सरकार के हलफनामे का जवाब दाखिल करने की छूट दी है। विजय मिश्रा की जमानत अर्जी पर सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने जमानत अर्जी सात जनवरी को पेश करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार ने विजय मिश्रा की जमानत अर्जी पर दिया है। याची पर अपने ही एक रिश्तेदार की जमीन व मकान पर कब्जा करने का आरोप है।रिश्तेदार कृष्ण मोहन तिवारी ने एफ आई आर दर्ज कराई है। अपर महाधिवक्ता एम सी चतुवेर्दी ने कोर्ट को बताया कि याची के खिलाफ 71आपराधिक मामले चल रहे है।इसके जवाब मे वरिष्ठ अधिवक्ता जी एस चतुवेर्दी व लोकेश द्विवेदी ने कहा कि याची ने जमानत हलफनामे में सभी केसों की जानकारी दी है। इसपर कोर्ट ने सभी मुकदमों की स्थिति की जानकारी देने का निर्देश दिया है।

# ताश के पत्ते की तरह फेंटे गए इविवि के प्रशासनिक अधिकारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय (इविवि) की प्रथम महिला कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव ने शुक्रवार को ताश के पत्ते की तरह इविवि में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक पदों को फेंट दिया। प्रशासनिक पदों पर बैठे कई शिक्षक पैदल कर दिए गए तो कइयों की ताजपोशी हुई। आरोपों में घिरे प्रो. राजीव सिंह से लीगल सेल का प्रभार छिन गया। इसके अलावा श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में भर्ती में धांधली के आरोपों से घिरे प्रो. प्रशांत अग्रवाल को डीन कॉलेज डेवलपमेंट की कुर्सी से पैदल कर दिया गया। कुलपति के निर्देश पर रजिस्ट्रार प्रो. एनके शुक्ल की तरफ से नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। इविवि में लीगल सेल का प्रभार अब विधि विभाग की डॉ. सोनल शंकर को सौंपा गया है। जबकि, रिटायर्ड प्रो. राकेश खन्ना को सलाहकार नियुक्त किया गया है। विधि अधिकारी पीयूष मिश्र को दोनों लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर इविवि के हित में बेहतर कार्य करने का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं, अब तक लगील सेल का प्रभार संभाल रहे प्रो. राजीव सिंह को पैदल कर दिया गया है। ऑक्टा ने इन पर तमाम आरोप भी लगाए थे। शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. धनंजय यादव को फैकल्टी रिक्रूटमेंट सेल (एफआरसी) का निदेशक और समाजशास्त्र विभाग के प्रो. आशीष सक्सेना को सहायक निदेशक नियुक्त किया गया है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के प्रो. जेए अंसारी को यूजीसी-एचआरडीसी का निदेशक नियुक्त किया गया है। फाफामऊ स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में शिक्षक भर्ती में धांधली के आरोप में घिरे प्रो. प्रशांत अग्रवाल को डीन कॉलेज डेवलपमेंट की कुर्सी से पैदल कर राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. पंकज कुमार की ताजपोशी कर दी गई है। प्राचीन इतिहास विभाग के प्रो. हर्ष कुमार को सेंटर ऑफ फिल्म एंड थिएटर और जर्नलिज्म एंड मॉस कम्युनिकेशन विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बॉयोकेमेस्ट्री विभाग के प्रो. सैयद इब्राहिम रिजवी को डीन रिसर्च एंड डेवलपमेंट का प्रभार दिया गया है। सभी को तत्काल प्रभाव से पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। कुलपति के निर्देश पर शुक्रवार को आइसीटी सेल का पुर्नगठन किया गया। डॉ. शैलेंद्र राय की जगह प्रो. सुनीत द्विवेदी को चेयरमैन नियुक्त किया गया है। डॉ. आशीष खरे और डॉ. ऋचा मिश्रा को सदस्य व डॉ. तनवीर जहां सिद्दीकी को कन्वीनर का जिम्मा सौंपा गया है। ज्वाइंट रजिस्ट्रार संजय उपाध्याय को प्रशासन से परीक्षा और एके कनौजिया को परीक्षा से प्रशासन (पीएफ, एडमिन और कमेटी) में स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुनील कुमार यादव को प्रशासन (फैकल्टी) से एकाउंट सेक्शन और अमित तिवारी को एकाउंट सेक्शन से प्रशासन में भेज दिया गया है।

## करछना ब्लाक पर दिव्यांग शिविर आज

**करछना।** विकास खण्ड करछना परिसर मे शनिवार को दिव्यांग जन शिविर का आयोजन किया गया है जिसमे कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण से उन्हे लाभान्वित किये जाने हेतु पात्र दिव्यांगजनो के चिन्हांकन के साथ ऐसे दिव्यांगजन जिनके दिव्यांग्यता प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हैं, उनकी जांच कर उन्हे दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड बनाये जाने की कार्यवाही की जाये गी। शिविर मे दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाऍ यथा शल्य चिकित्सा, दिव्यंग पेन्शन, दुकान निर्माण,संचालन एवं शादी प्रोत्साहन पुष्कार योजना के तहत पात्र दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया जायेगा। शिविर का आयोजन सुबह 11 बज से4 बजे शायं तक किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी खण्ड विकास अधिकारी नवीन गुप्ता ने देते हुए अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को शिविर मे पहुंच कर लाभ उठाने की अपील की है।

## वर्षों से जमे अधिकारी ध्वस्त कानून व्यवस्था के पोषक : रेवती रमण सिंह

**सांसद ने कानून व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**

**नैनी।** राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने प्रयागराज की ध्वस्त कानून व्यवस्था पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर चिन्ता व्यक्त किया करते हुए कहा कि वर्षों से कई जिम्मेदार अधिकारी एक ही पद पर निजी स्वार्थ वश आसीन हैं जिससे जिले की कानून व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो गई हैं अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है आम जनता अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं ।

उन्होंने कहा कि विजय केसरी सिरसा जैसे ग्रामीण अंचल के व्यापारी का भी खुले आम अपहरण कर हत्या कर दिया जा रहा है और इतने दिन बिताने के बाद भी अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि विजय के परिवार वालों का हाल बेहाल है। पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठी है। अपराधी उनकी पहुंच से दूर हैं या अपराधियों तक पहुंचने मे बाधा उत्पन्न हो रही हैं यह जांच का विषय है।

सांसद ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि प्रशासनिक और पुलिस महाकमे मे वर्षों से जमे अधिकारियों के तबादले किया जाय, क्योंकि पानी भी जब एक जगह बहुत दिन से रहता हैं तो उसमें से भी बदबू आने लगतीं हैं यहां तो इंसान हैं निजी स्वार्थ सिद्ध तो नेचर हैं वो एक पक्षीय निर्णय नहीं लेते हैं समय समय पर अधिकारियों के ट्रांसफर से जनता को निष्पक्ष न्याय मिलता रहता हैं। पूर्व सपा प्रदेश प्रवक्ता विनय कुशवाहा ने बताया कि दो दिन पूर्व डीजी पुलिस और आज एडीजी प्रयागराज से फोन पर वार्ता कर सांसद ने 15 दिन की मोहलत दिया है कि जिले की कानून व्यवस्था मे सुधार हो ,बेगुनाह को परेशान न किया जाय और मेजा सिरसा के व्यापारी विजय केसरी के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाये, नहीं तो मैं खुद ही समर्थकों संग धरना पर बैठूंगा।

## खंभे से टकराई बाइक युवती की मौत

**प्रयागराज।** धूमनगंज थाना अंतर्गत पीपल गांव के पास गुरुवार देर रात बाइक सवार तीन लोग एक खंभे से टकरा गए। इस हादसे में बाइक पर बैठी युवती की मौत हो गई जबकि 2 अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद से युवती के परिवार में कोहराम मचा रहा। धूमनगंज पुलिस ने बताया कि पीपल गांव निवासी मानसिंह गुरुवार को अपनी चचेरी बहन 24 वर्षीय मीना और एक अन्य बहन के साथ शादी समारोह में गया था। गुरुवार रात 12 बजे के करीब वह बाइक पर दोनों बहनों को लेकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह पीपल गांव पुलिस चौकी से आगे बढ़ा तभी उसकी बाइक एक खंभे से टकरा गई। बाइक पर पीछे बैठी मीना का सिर खंभे में टकराया और वह वहीं गिर कर अचेत हो गई। मानसिंह भी जख्मी हो गया। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद लोगों ने आरोप लगाया कि एक बुलट सवार तेज रफ्तार में पीछा कर रहा था जिसके कारण मानसिंह का नियंत्रण बिगड़ गया। वहीं पुलिस समेत अन्य लोगों ने दावा किया कि नशे की हालत में बाइक सवार तेज रफ्तार से घर लौट रहा था। इसी कारण वह हादसे का शिकार हो गया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को मीना के परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

# यासिनपुर में बसपा नेता ने फीता काटकर किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के यासीन पुर गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवाओं द्वारा स्टार क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा नेता शिव शंकर मौर्य ने फीता काटकर टूनार्मेंट का उद्घाटन करते हुए एक बाल पर चौका लगाकर क्रिकेट की शुरूआत की। प्रथम मैच फरीदपुर व आरा कला में हुआ। जिसमें आरा ने पहले टास जीतकर फील्डिंग का फैसला लेते हुए मैदान में उतरी। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आजकल का युवा खेल के प्रति कम रुझान तथा मोबाइल व अन्य कामों में ज्यादा रुझान रख रहा है। खेल को खेल की तरीके युवाओं को खेलने की जरूरत है जिससे कल ग्रामीण क्षेत्र के युवा प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर खेल में पहुंचकर अपने गांव व जिले का नाम रोशन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मोहम्मद लल्लन अंसारी ने की। टूनामेंट में निर्णायक बाल कृष्ण व सचिन यादव अपना कर्तव्य निभाने में जुटे


फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन करते बसपा नेता

हुए थे। क्रिकेट टूनामेंट का कमेंट्री कर रहे विनय पटेल ने अपनी कमेंट्री से लोगों का दिल जीत लिया व खिलाड़ियों में उत्साह भर दिया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान लाल बहादुर यादव, श्रीकांत चंदू, सचिन, धीरज, विनय पटेल, अतुल यादव एडवोकेट, विद्याधारी उर्फ. चैतू आदि युवा मौजूद रहे।

# दिव्यांग राजेन्द्र प्रसाद दिव्यांगों के लिए प्रेरणा के स्रोत

**सहसों।** अपने काम के प्रति लगनशील उत्साहवर्धित कठिन परिश्रम एवं दृढ़ निश्चय से कठिन से कठिन कार्य सरल हो जाते हैं। उक्त बातें सहसों क्षेत्र के कसेरूआ कला गावं निवासी दिव्यांग राजेंद्र प्रसाद भारतीया ने कही। राजेन्द्र प्रसाद भारतीया दाहिने हाथ से दिव्यांग का विवाह लगभग 15 वर्ष पूर्व अमरावती देवी के साथ हुआ परिवार का बोझ पड़ने के कारण खर्च न चल पाने से परेशान राजेंद्र प्रसाद ने कुछ करने की सोची उन्होंने कुछ लोगों से पैसे उधार लेकर सामान ढोने वाली रिक्शा ट्राली खरीद लिया और सहसों बाजार में व्यापारियों से अनुरोध कर सामान की ढुलाई प्रारंभ कर दिया धीरे.धीरे परिवार बढ़ता गया। पति पत्नी समेत पांच बच्चों से भरा पुरा परिवार का घर चलाना बेहद कठिन कार्य होने लगा इसके लिए दिव्यांग राजेंद्र


कठिन परिश्रम करता दिव्यांग राजेन्द्र प्रसाद

प्रसाद देर रात तक कठिन परिश्रम करने लगे उनकी परिश्रम और मेहनत देखकर व्यापारियों सहित सब्जी विक्रेताओं ने अपना सामान ढोने के लिए राजेंद्र प्रसाद को बुलाकर काम देना शुरू कर दिया। वर्तमान समय में सहसों बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में अपने कम के प्रति उत्साहित राजेन्द्र प्रसाद को लोग बुलाकर उत्साहित करते हुए काम देने लगे अच्छी खासी मेहनत व लगन के चलते राजेंद्र प्रसाद का परिवार हंसी खुशी से चलने लगा। अपने बच्चों की पढ़ाई अच्छे ढंग से करवा रहे हैं। तथा घर का खर्च भी चल रहा है। दिव्यांग राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सरकार द्वारा दी जा रही पांच सौ रुपए से कुछ भी नहीं हो पा रहा था, जिसके चलते दृढ़ निश्चय कर मैंने यह कार्य प्रारंभ किया धीरे-धीरे कठिन परिश्रम की आदत सी पड़ गई है।

# राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति बोले, विजन के साथ मिशन और एक्शन का खाका खींचे विभागाध्यक्ष

**प्रयागराज।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार संभाले रहे उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के आलोक में अपने विजन, मिशन और एक्शन का खाका खींचे। वार्षिक स्तर पर विभाग की उत्कृष्टता के लिए तैयार किए गए विजन, मिशन और एक्शन का प्रस्तुतीकरण उन्हें आठ से 10 दिसंबर के बीच उपलब्ध कराना होगा। इसके बाद विभागों का शैक्षिक स्तर पर मूल्यांकन कर कमियों को दुरुस्त किया जाएगा। इसके दम पर विवि उत्कृष्ट से अति उत्कृष्ट का तमगा भी हासिल कर लेगा। प्रो. सिंह ने शुक्रवार को दैनिक जागरण से खास बातचीत के दौरान यह बातें कही। कुलपति ने कहाकि यह नया विश्वविद्यालय है। नए विवि में काम करने का अनूठा अवसर होता है। नए विश्वविद्यालय को सजाने, संवारने और निखारने का अवसर कुलपति को मिलता है। पुराने कुलपतियों ने विश्वविद्यालय की नींव रखी और बहुत अच्छी शुरूआत की। अब इसे शिखर तक पहुंचाना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। ऐसे समय में कार्यभार सौंपा जाना, जिस वक्त नई शिक्षा नीति को क्रियान्वित करना हो। ऐसे में विवि का पाठ्यक्रम एवं शैक्षिक गुणवत्ता तथा शोध की शुरूआत करना मौलिक प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार के मानक एवं मंशा के अनुरूप मंडल के सभी महाविद्यालय परीक्षा प्रणाली का कड़ाई से पालन कराएं। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि संसाधनों का अभाव है और समस्याओं का अंबार है फिर भी मेरा व्यक्तिगत अनुभव है कि कोई ऐसा दिन नहीं आएगा जब समस्याएं न हों। ऐसे में सभी प्रशासनिक अफसर, शिक्षक, कर्मचारी, महाविद्यालयों के प्रबंधक और प्राचार्यों को मिलकर इन चुनौतियों से निपटना होगा। जिससे पठन-पाठन का सुगम, सहज वातावरण स्थापित हो सके।

# प्रयागराज हलचल



## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत

### फूलपुर क्षेत्र के हेमापुर गांव में सुबह हुई घटना

**फूलपुर।** एक ही बाइक से पूजा सामग्री लेने जा रहे युवकों को ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही दोनों बाइकसवारों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही तहरीर मिलने पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के हेमापुर गांव निवासी सुनील कुमार 27 पुत्र राम जी शुक्रवार की सुबह लगभग 8 बजे घर से बाइक पर परिवार के ही सतेंद्र कुमार यादव 18 पुत्र हरिश्चन्द्र को लेकर फूलपुर बाजार में पूजा की सामग्री लेने जा रहा था। अभी दोनों घर से कुछ ही दूरी पर गए थे कि सामने से गांव के ही ट्रैक्टर चालक विकास यादव जिसकी सीमेंट सरिया की दुकान है ट्रैक्टर से आ रहा था । तभी नहर की पुलिया के पास दोनों की जबरदस्त भिडंत हो गई। जिससे बाइक चालक सहित पीछे बैठे युवक की मौके पर ट्रैक्टर से कुचल कर मौत हो गई। घटना से घर में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी फूलपुर राजकिशोर ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के भाई मनीष यादव की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया। वहीं घटना से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



घटना के बाद मौके पर जुटी भीड़

### नाबालिग के हाथों में स्टेयरिंग, पुलिस मौन

फूलपुर बस स्टैंड व इफको पुलिस चौकी के सामने से प्रतिदिन दर्जनों नाबालिग वाहन चालक अपने वाहन को लेकर आते जाते हैं। वहीं इफको पुलिस चौकी क्षेत्र के वीरकाजी, बाबूगंज,अजेहरा सहित अन्य गांवों में नाबालिग चालकों को मिट्टी की ढुलाई करते हुए देखा जा सकता है। परन्तु पुलिस के द्वारा कठोर कार्रवाई न करने से उनमें पुलिस का भय नहीं रहता नतीजतन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## बार कौंसिल ने सरकार से मांगे हर वकील के लिए एक लाख

**प्रयागराज।** यूपी बार कौंसिल ने राज्य सरकार से कोरोना संक्रमण के कारण अदालतों में कामकाज लगभग ठप होने की स्थिति के मद्देनजर प्रति अधिवक्ता एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता की मांग की है।

यूपी बार कौंसिल के अध्यक्ष जानकी शरण पांडेय का कहना है कि कोरोना महामारी के कारण अदालतों में काफी सीमित कामकाज हो रहा है। इससे सूबे के अधिवक्ता आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। यूपी बार कौंसिल ने अपने सीमित संसाधनों से अब तक 18,58,000 रुपये से अधिक की सहायता वकीलों को दी है। लेकिन राज्य सरकार की ओर से वकीलों की मदद की कोई पहल नहीं की जा रही है। यहां तक की अधिवक्ता कल्याण समिति की बैठक भी अब तक नहीं बुलाई गई है ।उन्होंने कहा है कि यदि सरकार वकीलों की मदद नहीं करती है तो वकील आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## संक्षेप समाचार

### प्रयागराज के माघ मेला के लिए बस यात्रियों को मिलेगी सुविधा, रोडवेज ने बनाई रणनीति

**प्रयागराज।** माघ मेला 2021 में यात्रियों को सुविधा मुहैया कराने के लिए रोडवेज विभाग ने भी कमर कस ली है। मुख्य स्नान की तिथियों में अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा कोविड से बचाव के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए बस अड्डों पर उद्घोषणा भी की जाएगी। बसों को सैनिटाइज कराने के बाद ही डिपो से निकाला जाएगा। बैठने की क्षमता के अनुसार ही सवारी बैठाई जाएगी। यात्रियों को मास्क लगाना अनिवार्य होगा।

माघ मेले में पडने वाले प्रमुख स्नान पर्वों मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर रोडवेज की 1500 बसें अतिरिक्त चलाई जाएंगी। इसी तरह अन्य स्नान पर्वों पर यात्रियों की संख्या को देखते हुए अलग-अलग रूटों पर बसों का संचालन किया जाएगा। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक टीकेएस विसेन ने बताया कि माघ मेले में आने वाले यात्रियों की सुविधाओं के लिए विशेष इंतजाम कराने की रणनीति बनाई जा रही है। यात्रियों को बसों की सही सूचनाएं मिले, इसके लिए पूछताछ काउंटर भी खोले जाएंगे।

### स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं अब आपके गांव में : डॉक्टर आर एल गुप्ता

**उतरांव।** ग्रामीण क्षेत्र में अक्सर देखा जाता है कि अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं न मिलने के कारण लोग तेजी से शहर की तरफ भागते हैं। जहां ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं से लोग संतुष्ट नहीं हो पाते। अब लोगों को बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं है। अच्छी वह नई टेक्नोलॉजी में स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं अब आपके ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध है। यह बातें गीता डायग्नोस्टिक सेंटर हनुमानगंज में उद्घाटन करने के लिए आए मुख्य अतिथि डॉक्टर आर एल गुप्ता ने कहीं। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यहां अच्छे नए टेक्नोलॉजी में अल्ट्रासाउंड एक्सरे पैथोलॉजी जैसी अन्य सेवाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोग कम पैसे में तथा अच्छी सुविधा अच्छी रिपोर्ट पा सकते हैं।संचालक कौशलेश कुमार सिंह पूजन के बाद लोगों को प्रसाद वितरण करते हुए उन्हें इस सेंटर पर सेवा देने की निवेदन किया।

## अतुल गुप्ता ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक /इंफ्रा./ प्रयागराज मंडल का कार्यभार ग्रहण किया

**प्रयागराज।** शुक्रवार को अतुल गुप्ता ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक / इंफ्रा /प्रयागराज मंडल का पदभार ग्रहण किया। यह पद अपर मंडल रेल प्रबंधक/ प्रयागराज इनामुल हक के उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में स्थानान्तरित होने से रिक्त हुआ थो

अतुल गुप्ता 1998 बैच के भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी हैं, इन्होने आई.आई.टी, रुड़की से इंजीनियरिंज में परा स्नातक की डिग्री प्राप्त की है श्री गुप्ता ने पूर्व तटीय रेलवे से अपनी सेवा प्रारम्भ करते हुये भारतीय रेल के विभिन्न महत्वपूर्ण पदों जिसमें मण्डल इंजीनियर, वरि. मण्डल इंजीनियर. उप मुख्य इंजीनियर/ पुल आदि पदों पर कार्य किया है इन्होने उत्तर मध्य रेलवे में उप मुख्य इंजीनियर/पुल/लाईन, मुख्य इंजीनियर/निर्माण, मुख्य इंजीनियर/ स्टेशन डेवलप्मेंट जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी सेवा प्रदान की है श्री गुप्ता ने प्रयागराज मण्डल में भी वरि.



आलोक गुप्ता

मण्डल इंजीनियर, उप मुख्य इंजीनियर / निर्माण के पद पर किया है तथा वरि. मण्डल इंजीनियर / समन्वय के पद पर कार्य करते हुये कुम्भ 19 के अवसर पर उल्लेखनीय योगदान दिया है। प्रयागराज मण्डल में आयोजित विदाई और स्वागत समारोह में, मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा ने इनामुल हक को अपर मंडल रेल प्रबंधक/ प्रयागराज के रूप में उनके शानदार कामकाज के लिए बधाई दी और नए अपर मंडल रेल प्रबंधक अतुल गुप्ता का स्वागत किया।


## नवनियुक्त शिक्षकों ने जानीं शिक्षण कार्य की बारीकियां

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में नवनियुक्त शिक्षकों का तीन दिनी प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान नव नियुक्त शिक्षकों को शिक्षण की बारीकियों, गृह परीक्षा, अभिलेखों के रखरखाव एवं वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी गई। नवनियुक्त शिक्षकों का स्वागत समन्वयक डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. बीएस यादव ने उपचारात्मक शिक्षण के बारे में जानकारी दी। अरुण कुमार यादव ने गृह परीक्षा, अभिलेखों के रखरखाव, परीक्षाफल तैयार करने के बारे में जानकारी दी। सीएमपी की डॉ. पूर्णेंदु मिश्र ने नई शिक्षा नीति के विविध पहलुओं के बारे में बताया।

## प्रयागराज माघ मेला प्रशासन कार्यालय पर दंडी संन्यासियों ने किया हंगामा

### प्रयागराज में मेला प्रशासन की एक चूक से आक्रोशित हुए दंडी संन्यासी, किया हंगामा

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम तीरे परंपरा के अनुसार माघ मेला 2021 संपन्न कराने का निर्देश दिया है। वहीं मेला प्रशासन ने शुरूआत में ही गड़बड़ी कर दी। प्रशासन ने बिना दंडी संन्यासियों को बुलाए ही मेला सलाहकार समिति की बैठक करा ली। इस पर दंडी संन्यासी भड़क गए। दंडी संन्यासी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष स्वामी विमलदेव आश्रम के नेतृत्व में शुक्रवार को मेला प्रशासन कार्यालय पर दो दर्जन दंडी संन्यासी पहुंच गए। अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। मामला बिगड़ता देख



अधिकारियों ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया।

संगम तट पर माघ मेला बसाने से पहले प्रशासन मेला सलाहकार समिति की बैठक करता है। इसमें आचार्यबाड़ा, खाकचौक, दंडी संन्यासी, प्रयागवाल सहित प्रमुख धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल होते हैं। इधर, दो दिसंबर को मेला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। हालांकि इसकी सूचना दंडी संन्यासी प्रबंधन समिति को नहीं मिली।

दंडी संन्यासी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष स्वामी विमलदेव आश्रम का कहना है कि मेला क्षेत्र में दंडी स्वामीनगर का क्षेत्र अहम होता है। दंडी संन्यासियों को समिति के जरिए भूमि वितरित होती है। इसके लिए मेला प्रशासन व समिति के पदाधिकारी हर बार बैठक करते हैं। इस बार उसका पालन नहीं हुआ। कहा कि अगर नियम व परंपरा के विपरीत कोई काम हुआ तो दंडी संन्यासी उसका मुखर विरोध करेंगे। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की जाएगी।

मेलाधिकारी विवेक चतुवेर्दी का कहना है कि दंडी संन्यासी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुझसे मिले हैं। मैंने उन्हें आश्वस्त किया है कि आगे परंपरा व नियमानुसार सारी कार्रवाई की जाएगी।

## छात्रवृत्ति की मांग के लिए एनएसयूआई ने किया छात्र संवाद कार्यक्रम

**प्रयागराज।** शुक्रवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई प्रयागराज द्वारा आयोजित जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर के नेतृत्व छात्रवृत्ति के संदर्भ में छात्र संवाद कार्यक्रम हुवा जिसमे निराला सभागार में सैकड़ो छात्रों की हुजूम इस संवाद कार्यक्रम में हिस्सा रहें। मुख्य अतिथि के रूप में ठरवक के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश यादव और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किया। छात्र हितों की लड़ाई सदैव एनएसयूआई लड़ती आई है और लड़ रही है,आर्थिक रूप से पिछड़े छात्र सरकार द्वारा दी हुवी छात्रवृत्ति से अपनी पठन पाठन करते हुवे कोई वैज्ञानिक तो कोई इंजीनियर, डॉक्टर, शिक्षक, बनता है जो देश को वैश्विक पटल तक ले जाने का कार्य करते हैं,लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा लाखों




छात्र संवाद कार्यक्रम में उपस्थित छात्र

विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति रोके जाने से छात्रों के आगे की पढ़ाई में काफी रूकावट आ रही है दिल्ली के एक छात्रा ने छात्रवृत्ति न आने की वजह से आत्महत्या कर लिया यह शर्मनाक स्तिथि है ऐसे काफी छात्र है जो लाचार है ऐसे में एनएसयूआई प्रयागराज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी छात्रों ने जिनकी छात्रवृत्ति रुकी है उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुवे इस आंदोलन में साथ देने को कहा।

मुख्य अतिथि अविनाश यादव जी व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने कहा कि वर्तमान छात्र देश मे शैक्षिक ब्यवस्था नही चाहती और नही चाहती कि कोई गरीब बच्चा पढ़ लिखकर देश मे कुछ बड़ा करें, सरकार डरती है कल ये पढ़ लेगा तो इनकी ओछि ब्यवस्था का विरोध करेगा।

राष्ट्रीय समन्वयक जितेश मिश्रा जी ने कहा कि छात्र हित मे राष्ट्र हित है छात्रवृत्ति छात्रों के लिए एक आशा है कि हम और आगे की पढ़ाई को संचालित करके देश के ब्यवस्था में अपना योगदान देंगे । जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने कहा कि छात्रों की छात्रवृत्ति अगर नहीं मिलती है इसके लिए हम बड़ा आंदोलन करेंगें और अंतिम दम तक लड़ेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से- जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर, हरिकेश हरि, सत्यम कुशवाहा, प्रियंका पासवान, शालिनी,जय सिंह, चंद्रशेखर अधिकारी, पृथ्वी तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, करन सिंह, एहतेशाम अहमद, अजय पांडेय, कमलेश सोनकर, अश्वनी, प्रवीण प्रतापूर, दुर्गेश, मुरारी, धीरेन्द्र, गौरव, आभिषेक सिंह, सत्यम शिवम शुक्ला, इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

### जल्द खुलेंगे हाईकोर्ट में वकीलों के चैंबर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस गोविंद माथुर ने वकीलों के चैंबर जल्द खोले जाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जनवरी माह में वकीलों के बायोमीट्रिक प्रवेश के लिए भी प्रयास करेंगे। चीफ जस्टिस गोविंद माथुर गुरुवार हाईकोर्ट बार की ओर से ओल्ड स्टडी रूम में आयोजित अपने अभिनंदन समारोह में वकीलों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वकीलों को आश्वस्त किया कि कोविड-19 के दौरान फर्श मुकदमों की सुनवाई समय से होगी। उन्होंने यह आश्वासन भी दिया कि चैंबर खुलने के साथ जनवरी माह से वकीलों के बायोमीट्रिक प्रवेश के लिए कोशिश की जाएगी और अधिवक्ता क्लर्कों के प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त होगा। प्रारम्भ में हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष अमरेंद्र नाथ सिंह एवं महासचिव प्रभाशंकर मिश्र ने मुख्य न्यायमूर्ति गोविंद माथुर को अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न प्रदान कर उनका स्वागत किया। अन्य पदाधिकारियों व कार्यकारिणी ने चीफ जस्टिस को पुष्पगुच्छ प्रदान किया।

## सेक्स रैकेट चलाने आरोपी महिला का नाम उजागर करने से कोर्ट नाराज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सेक्स रैकेट चलाने वाली महिला का नाम उजाकर करते हुए जनहित याचिका दाखिल किए जाने पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने याचिका दाखिल करने वाले के इस कार्यकी निंदा करते हुए याचिका खारिज कर दी है। कहा है कि यदि पुलिस आवयकता समझे तो वह मामले की जांच कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि एक महिला पर निराधार आरोपों के साथ जनहित याचिका दाखिल करना उचित कार्य नहीं है।कोर्ट ने कहा कि याचिका में सेक्स रैकेट में शामिल तमाम महिलाओं की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है और एक आरोपी महिला को बिना पक्षकार बनाए टार्गेट किया गया है। महिला का नाम उजागर न करने के कानून के विपरीत अनर्गल आरोप लगाकर नाम का खुलासा किया गया है। कोर्ट ने इसे निंदनीय करार दिया है। और याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश गोविन्द माथुर तथा न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने शिवराम की जनहित याचिका पर दिया है। याची ने महिला के खिलाफ पुलिस को सेक्स रैकेट चलाने की शिकायत की है ।उसका कहना है कि उसके पास वीडियो,आडियो कैसेट भी है।फिर भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि पुलिस जरूरी समझे तो जांच करे।

## एमएनएनआईटी : बीटेक में छात्राओं के लिए तीन फीसदी सीटें बढ़ीं

**प्रयागराज।** एमएनएनआईटी के शैक्षिक सत्र 2020-21 में बीटेक में छात्राओं के लिए तीन फीसदी सीटें बढ़ाई गई हैं। किसी भी तकीनीकी संस्थान में छात्राओं की कुल संख्या का कम से कम 20 फीसदी होनी चाहिए। इसी वजह से संस्थान में सुपर न्यूमरेरी के तहत छात्राओं की 20 फीसदी सीटों पर प्रवेश लिया गया है। नए शैक्षिक सत्र में बीटेक की नौ ब्रांचों में अब तक 1074 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिए है। इसमें 214 छात्राओं ने दाखिला लिया है। यानी संस्थान में छात्राओं की संख्या बीस फीसदी हो गई है। यानी बीटेक पाठ्यक्रम में 31 सीटें सुपर न्यूमरेरी कोटे के तहत बढ़ी हैं। ज्ञात हो कि शैक्षिक सत्र 2018-19 में बीटेक में कुल 886 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया था। जिसमें 775 छात्र और 121 छात्राएं शामिल रहीं। यानी दो वर्ष पूर्व तकरीबन छात्राओं की भागीदारी 14 फीसदी थी। सत्र 2019-20 में नौ ब्रांचों में 936 छात्रों ने प्रवेश लिया था। इसमें 153 छात्राएं रहीं हैं। संस्थान के डीन एकेडमिक प्रो. आरके सिंह ने बताया कि संस्थान में बीटेक पाठ्यक्रम में 20 फीसदी छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तीन फीसदी सीटें बढ़ाई गई हैं।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## विकास कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं : जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में संगम सभागार में 37 विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं है। कार्यों में लापरवाही या उदासीनता पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को ससमय कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। समय से कार्य पूर्ण नहीं होने पर सम्बंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने उर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए सौभाग्य योजना की प्रगति जानी, जिसमें अधिशाषी अभियंता विद्युत ने बताया कि बचे कार्यों को समय से पूर्ण करा लिया जायेगा। सरकारी विभागों में विद्युत बकायें की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से कार्यों को संपादित कराये। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पेंशन योजना की समीक्षा की, जिसमें प्रत्येक ब्लाकों पर लम्बित मामलों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए 05 दिसम्बर तक समाज कल्याण अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने विधवा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन, श्रम विभाग की समीक्षा में श्रमिक पंजीयन, अधिष्ठान पंजीयन एवं उपकर संग्रहण, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि पेंशन का कोई भी कार्य शेष नहीं रहना चाहिए साथ ही वृद्धावस्था पेंशन की जानकारी लेने पर बताया गया कि वी0डी0ओ0 स्तर पर ज्यादातर प्रकरण लम्बित है, इस पर नाराजगी जताते हुए सभी सम्बंधित वी0डी0ओ0 को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि आवेदनों को लम्बित न



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

रखा जाये। सिंचाई विभाग एवं कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के लिए कहा है। पशुधन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समय से निराश्रित पशुओं के टीकाकरण एवं गोवंशीय पशुओं की इयर टैगिंग के कार्य को पूरा कराने के सख्त निर्देश दिये। उन्होंने गोशालाओं में पराली पहुंचाने के लिए मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के साथ उप निदेशक कृषि को मिलकर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा है। पंचायतीराज विभाग के द्वारा आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि माइक्रो प्लानिंग बनाकर कार्यों में प्रगति लायी जाये तथा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यों की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार लाने के निर्देश दिये। ग्राम विकास विभाग के द्वारा कराये जा रहे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बारे में जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जो लाभार्थी भूमिहीन है, उनकी सूची तत्काल सम्बंधित एसडीएम को उपलब्ध करा दे, जिससे कि आगे की कार्यवाही की जा सके। खाद्य एवं रसद विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अन्तर्गत आधार सीडिंग एवं प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी-आशीष कुमार, जिला विकास अधिकारी-ए0के0 मौर्या, अर्थ संख्यियकी अधिकारी-जितेन्द्र कुमार, पी0डी0 डी0आर0 डी0ए0-के0के0 सिंह सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## संक्षेप समाचार

### मां-बेटी समेत चार को पीटा, एक की हालत गंभीर

**कुंडा प्रतापगढ़।** रंजिश में मां-बेटी समेत चार लोगों को पड़ोसियों ने पीट दिया। एक की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर किया है। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी है ।बाघराय थाना क्षेत्र के अवतारपुर निवासी सुमेरा देवी की पड़ोसी से रंजिश है। शुक्रवार सुबह दोनों में विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि पड़ोसी हमलावर हो गए और लाठी से हमला कर दिया। मां को पिटते देख बीचबचाव करने दौड़े बेटे सचिन, बेटी कविता व कल्पना को भी पीटा जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद भी कविता की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। सुमेरा ने चार आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

### व्यापारियों के दुखद मौत पर शांति हवन

**कौशांबी।** सिराथू क्षेत्र के कई व्यापारियों की असामयिक निधन के बाद पूरा नगर क्षेत्र का व्यापारी दुखी है अझुवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद केसरवानी की भी असामयिक मौत बीते महीने हो गई थी व्यापारियों की लगातार मौत से दुखी व्यापारियों ने शांति हवन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन 5 दिसंबर को सिराथू कस्बे के केसरवानी धर्मशाला में आयोजित किया है इस कार्यक्रम में मृतक व्यापारियों की आत्मा की शांति के लिए शांति हवन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित होगा कार्यक्रम में सिराथू से भाजपा विधायक शीतला प्रसाद पटेल उर्फ पप्पू व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री रमेश अग्रहरि व्यापारी प्रशांत केसरवानी पुष्पेंद्र केसरवानी पवन सतीश केसरवानी सर्वेश कुमार साहू सहित तमाम व्यापारियों के मौजूद होने की उम्मीद है।

### यूजीसी नेट में पूजा शुक्ला को मिली सफलता

**प्रतापगढ़।** बीरापुर क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी गिरजा शंकर शुक्ल की पुत्री पूजा शुक्ला ने जून 2020 में आयोजित यूजीसी नेट में हिंदी विषय मे सफलता अर्जित की ।पूजा ने इंटर तक की पढ़ाई ज्ञानोदय विद्या मंदिर जगदीशपुर बीरापुर से की थी ।पूजा के इस सफलता पर ज्ञानोदय विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य हरिशंकर तिवारी ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि पूजा बचपन से ही पढ़ाई में कुशाग्र थी।

# मजदूर की मौत पर समर्थकों ने किया चक्का जाम

## पुलिस की बढ़ती भीड़ देख धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बातचीत करने के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया

**कौशांबी।** मंझनपुर मुख्यालय के एक निमार्णाधीन मकान में मजदूरी कर रहे एक मजदूर की अचानक छत से गिरकर मौत हो गई मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जब पोस्टमार्टम से लाश वापस परिजन लेकर आ रहे थे तो मंझनपुर मुख्यालय के मुख्य चौराहे पर परिजन और समर्थकों ने मृतक मजदूर के लाश को चौराहे पर रखकर सड़क जाम कर दिया है परिजनों का कहना था कि इस मामले की पुलिस जांच कर उन्हें न्याय दिलाएं पुलिस का कहना था कि पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद सब तफ्तीश कराई जाएगी जो दोषी पाया जाएगा उसे दंडित किया जाएगा काफी देर तक मृतक मजदूर के समर्थक और परिजन धरना प्रदर्शन और तत्काल कार्यवाही कर न्याय की मांग पर अड़े रहे जिस पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने सुरक्षा के दृष्टिगत चौराहे पर तमाम उप निरीक्षक कोतवाल और पुलिस के जवान बुला लिया पुलिस की बढ़ती भीड़ देख धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बातचीत करने के बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया है। जानकारी के


मांगों को लेकर चक्का जाम करते परिजन और समर्थक

मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भड़ेसर ग्राम पंचायत के मजरा गडरियन का पुरवा निवासी बच्ची लाल पाल उम्र 45 वर्ष पुत्र कमलेश पाल मजदूरी करके परिवार का जीविकोपार्जन चलाता है शुक्रवार की सुबह वह मजदूरी करने मंझनपुर कस्बे के राजू के घर गया था जहां मजदूरी करने के दौरान वह अचानक छत से नीचे गिर पड़ा छत से कैसे गिरा यह तो वहां के मजदूर और भवन निर्माण करा रहे मकान मालिक ही बता सकते हैं। जैसे ही मजदूर छत से जमीन पर गिरा वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों और निमार्णाधीन मकान के मालिक ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया हादसे की जानकारी मजदूर के परिजनों को मिली वह भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पोस्टमार्टम से मजदूर की लाश वापस आने के बाद मंझनपुर चौराहे पर समर्थकों और परिजनों ने मृतक के शव को रखकर सड़क जाम कर दिया काफी समय तक परिजन और समर्थक अपनी मांगों पर अड़े रहे कोतवाल के समझाने के बाद जाम समाप्त हो सका है।

### एनसीसी की छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली

**भरवारी कौशांबी।** भरवारी कस्बे के कस्तूरबा गांधी गर्ल्स इंटर कॉलेज की एनसीसी छात्राओं द्वारा शुक्रवार को भरवारी नगर के विभिन्न सड़कों पर रैली निकाली गई है इस रैली में विद्यालय की तमाम छात्राओं ने हिस्सा लिया है। कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कॉलेज भरवारी के एनसीसी सीनियर विंग एवं जूनियर विंग कैडेट्स द्वारा भरवारी नगर क्षेत्र में 4 दिसंबर को यूथ मार्च रैली निकाली गई रैली का भ्रमण छात्रों ने कस्बे में किया हाथों में झंडा लेकर नारेबाजी करते छात्राओं का जत्था नगर में घूमा यूथ मार्च रैली के दौरान विद्यालय की अठड श्रीमती रेखा सिंह व श्रीमती नीलम सहित तमाम शिक्षिकाएं मौजूद रही।

### दो दिवसीय दौरे पर आएंगे कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष

**कौशाम्बी।** प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम दो दिवसीय दौरे पर कौशांबी आ रहे हैं उनके आगमन को लेकर कांग्रेसी उनके स्वागत को बेताब हैं चायल तहसील क्षेत्र के सैयद सरावां में उनका एक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है जिले के कई गांवों का वह दौरा कर कांग्रेस की मजबूती का आकलन करेंगे केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें जिले में पत्रकारों से भी मुलाकात कर कांग्रेस की जड़ को तलाशने का निर्देश दिया है उक्त जानकारी जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष तमजीद अहमद ने दी।

# कई दिन बीते युवक की मौत का नहीं खुला राज

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के मखदूमपुर भईला गांव निवासी अखिलेश कुमार पुत्र राम नरेश की 27 नवंबर को गांव के बाहर पेड़ से लाश बंधी मिली थी परिजनों की सूचना पर पुलिस ने मृतक युवक की लाश का पोस्टमार्टम करा दिया है घटना को कई दिन बीत चुके हैं लेकिन युवक की मौत की कहानी की गुत्थी अभी नहीं सुलझ सकी है परिजनों ने पहले अखिलेश की मौत पर आत्महत्या की तहरीर पुलिस को दी थी अखिलेश की मौत पर करारी पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है और करारी पुलिस की जांच शुरू होते ही अचानक परिजनों ने करवट बदल लिया है और मृतक अखिलेश के पिता रामनरेश ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर गांव के चौकीदार के बेटे पर अखिलेश की हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के पिता रामनरेश का कहना है कि 15 --20 वर्षों से परवेज पुत्र बंशीलाल से उनका जमीनी विवाद चल रहा है और कई बार इसी जमीनी विवाद के चलते कहासुनी भी हुई है शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने कई बार तहसील में प्रार्थना पत्र भी उपरोक्त लोगों के खिलाफ दिया था जिसमें जमीन की पैमाइश करने हल्का लेखपाल व राजस्व टीम गांव गई थी उसका कहना है कि इसी रंजिश के चलते परवेज उसके बेटे से रंजीत मानता था और अपने साथियों के साथ मिल कर अखिलेश की उसने 27 नवंबर को हत्या कर दी है अखिलेश की मौत पर आत्महत्या की बात करने वाले परिजनों ने अचानक करवट क्यों बदला है मृतक के परिजन अपने बयान से क्यों पलट रहे हैं अब मृतक के पिता का कहना है कि उन्होंने लाश को पोस्टमार्टम भेजते समय पुलिस को किसी प्रकार की तहरीर नहीं दी है मृतक के पिता पुलिस पर आरोप लगाने लगे हैं मृतक के पिता के करवट बदलने के मामले की भी पुलिस अधिकारियों को जांच करानी होगी और अखिलेश की मौत के कहानी की गुत्थी सुलझानी होगी लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद अखिलेश की मौत की गुत्थी अभी तक नहीं सुलझ सकी है।

# घर से बुलाकर जीजा ने साले को मारी गोली, गंभीर रुप से घायल, रेफर

**प्रतापगढ़।** जनपद में शुक्रवार की सुबह एक युवक को गोली मार दी गई। दो बाइकों पर सवार चार बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। वारदात उस समय हुई जब युवक सुबह मार्निंग वाक को गया था। वारदात रानीगंज थाना क्षेत्र के गाजी का बाग में हुई। गोली मारने का आरोप युवक के भाई ने अपने ही जीजा बृजेश यादव पुत्र समरजीत यादव व उसके भाई संतोष यादव निवासी शोभीपुर हैंसी थाना मान्धाता ( बहन के पति) के साथ ही धीरज यादव निवासी गदियानी सरैंया थाना मऊआइमा प्रयागराज पर लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।अमर के कंधे में लगी है गोली। फतनपुर थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी अमर सिंह यादव पुत्र अमरनाथ यादव मेडिकल


घायल अमरनाथ यादव

रिप्रजेंटेटिव है। वह शुक्रवार को सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकला था। वह रानीगंज थाना क्षेत्र के गाजी का बाग के निकट टहल रहा था। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े छह बजे दो बाइकों पर सवार होकर चार लोग वहां पहुंचे ।बाइक सवारों ने अमर सिंह यादव को घेर लिया। जब तक वह कुछ समझ पाता, बाइक सवार उसे लक्ष्य कर फायरिंग कर दी। गोली उसके कंधे पर लगी और वह घायल होकर गिर गया। अमर के भाई ने जीजा पर लगाया है गोली मारने का आरोप । सुबह के समय फायरिंग की आवाज सुनकर जब तक लोग वहां पहुंचते, हमलावर वहां से फरार हो चुके थे। सूचना पर वहां पुलिस पहुंच गई। लहूलुहान हाल में पुलिस ने एंबुलेंस से अमर सिंह को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उधर सूचना पाकर वहां अमर के परिवार के लोग भी पहुंच गए। अमर के भाई ने गोली मारने का आरोप अपने जीजा और उसके साथी पर लगाया है ।हलांकि मामले मे पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी के तौर पर बृजेश यादव को हिरासत मे लेकर मामले की छानबीन कर रहे हैं । पुलिस घटना को घरेलू कलह मानकर उसी के आधार पर जांच करते हुए अन्य आरोपियों के तलाश मे जगह - जगह दबिश दे रही है।

# दो ट्रकों में आमने सामने की भिड़ंत, एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत, दूसरे ट्रक का चालक घायल

**घने कोहरे के चलते लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर हुआ हादसा, कोतवाली नगर के छैवा पुल के समीप की घटना**

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार की सुबह घने कोहरे के कारण लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर तीन ट्रको के आपस में टकरा जाने के चलते एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया ।तीनों ट्रकों की भिड़ंत में तीसरे ट्रक का चालक बाल बाल बच गया ।जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह घना कोहरा छाया हुआ था ।सड़क पर चलने वाले वाहन दिखाई नही दे रहे थे। नगर कोतवाली के पृथवीगंज चैकी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले छैवा पुल के पास दो ट्रक आमने सामने टकरा



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त ट्रके

गये ।टक्कर इतनी तेज थी कि एक ट्रक के चालक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरे ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया ।इसी बीच दुर्घटित ट्रक के पीछे आ रही तीसरी ट्रक भी टकरा गयी ।संयोग था कि तीसरी ट्रक का चालक बाल बाल बच गया ।दुर्घटना में दोनों ट्रकों के खलासियों के घायल होने की सूचना है। दुर्घटना के बाद हाइ वे पर जाम लग गया ।मौके पर पहुचे लोगों ने दुर्घटित ट्रकों में फंसे घायलों को बाहर निकाला ।हादसे की जानकारी मिलते ही चैकी प्रभारी पृथवीगंज अनिल पांडेय भी अपने हमराह सिपाहियों के साथ घटना स्थल पर पहुचे और घायलों को जिला अस्पताल भेजे ।मृत चालक के शव का पंचनामा कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजवाने के बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त ट्रकों को हाइ वे से हटवाकर आवागमन को चालू करवाया ।मृत चालक का नाम परदेसी( 49 )पुत्र मंगरे निवासी बलरामपुर देहात तथा दूसरी ट्रक के घायल चालक का नाम अंकित कुमार पुत्र फूलचंद्र निवासी सरायवीर,अंतू,प्रतापगढ़ बताया गया।

# घन्टों लेटा रहा बीमार बुजुर्ग, नही जागी इंसानियत

**प्रतापगढ़।** एक बार फिर मानवता शर्मसार हुई। नातियों संग लालगंज स्थित भारतीय स्टेट बैंक मे पैसा निकालने आए बुजुर्ग को पैसे के लिए घन्टो बैंक के चैखट पर लेटकर करना इंतजार करना किन्तु बैंक कर्मियों का दिल नही पसीजा ।बुजुर्ग की हालत बताकर उसके नाती बैंक के जिम्मेदारों से घंटों फरियाद करते रहे किन्तु न तो उसे पैसा ही दिया गया और न ही सीनियर सिटीजन का ख्याल रखते हुए बैंक मे कार्यरत कर्मचारियों द्वारा बुजुर्ग को यथोचित स्थान पर बैठाया गया। रायपुर तियाईं ( भद्रा ) के 90 वर्षीय बुजुर्ग शोभई ने बताया कि वह अस्वस्थ होने के चलते नातियों संग तकरीबन तीन घन्टे से पैसा निकालने के लिए बैंक आया हुआ है किन्तु घन्टो बीत जाने के बाद भी उसे पैसा नही मिल सका, वहीं साथ रहे नाती ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह काफी देर तक जिम्मेदारों से बाबा के अस्वस्थ होने का हवाला दे पैसा दिलाए जाने के लिए मिन्नते करता रहा, पहले


भा0स्टेट बैंक लालगंज की सीढ़ियों पर लेट बुजुर्ग

तो उसे नेटवर्क व कैश की समस्या का हवाला दिया गया किन्तु बैंक मे नेटवर्क आने व कैश उपलब्ध हो जाने के बाद भी उसे इधर - उधर चक्कर लगाना पड़ रहा है । बड़ा सवाल है कि बैंक मे सीनियर सिटिजन के लिए व्यवस्था क्यों नही, आखिर क्यों बीमार बुजुर्ग को बैंक के चैखट पर करना पड़ा घनिटों लेटकर इन्तजार, नेटवर्क व कैश उपलब्ध हो जाने के बाद भी आखिर साथ आए नातियों द्वारा जिम्मेदारों को बताने के बाद भी क्यों नही जागी इंसानियत ! मीडिया के हस्तक्षेप के बाद ही क्यों चेतते हैं जिम्मेदार पहले क्यों नही ! इन्ही सब बातों को लेकर जब बैंक मैनेजर से बात की गयी तो उन्होने कहा कि उनसे पीड़ित परिजन नही मिला था। बुजुर्ग हैं तो हम क्या करें आप ही दिला दीजिए ,काफी देर वातार्लाप होने के बाद आखिरकार इंसानियत जागी और बुजुर्ग को पैसा मिला।

# शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की जीत पर मुंह मीठा कराकर जताई गई खुशी

**प्रतापगढ़।** विधान परिषद के चुनाव मे उमेश द्विवेदी की जीत को लेकर शुक्रवार को यहां प्रबुद्धजनो व आम आवाम मे खुशी देखी गई। शिक्षक विधायक उमेश के गृह नगर मे जीत की खुशी मे लोगों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया। वहीं उमेश द्विवेदी की जीत को साथी शिक्षको ने संघर्ष की बडी जीत करार दिया है। वहीं शिक्षक विधायक के पैतृक वार्ड मे भी जीत की खुशी बढ़ चढकर दिखी। परिवारजनों को भी विधायक की जीत पर लोगों को मिठाईयां खिलाकर खुशी जताते देखा गया। घर पर शिक्षक विधायक के चाचा चंद्रप्रकाश द्विवेदी, चाची जावित्री, भाई सरोज द्विवेदी, राजेश द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, विनोद द्विवेदी, विमलेश द्विवेदी को परिवार के उच्च सदन मे दोबारा प्रतिनिधित्व मिलने पर खुशी कुछ ज्यादा ही झलकती दिख रही है। वहीं नगर पंचायत की चेयरपर्सन एवं विधायक की अनुज बधू अनीता


शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की जीत पर मुंह मीठा कराकर खुशी जताते परिजन

द्विवेदी व प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने एमएलसी के चुनाव मे दोबारा उमेश द्विवेदी की सफलता पर खुशी जाहिर कर इसे लालगंज नगर पंचायत के लिए एक और कीर्तिमान कहा है। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी व संतोष ने घर पहुंचे समर्थको को जीत की खुशी मे मुंह मीठा कराकर चुनाव मे सहयोग व समर्थन के लिए आभार भी जताया। इस बार रिकार्ड मतो से हुई उमेश द्विवेदी की जीत से समर्थक शिक्षको का उत्साह भी चरम पर दिखा। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रामअवधेश मिश्र, लाल कृष्ण प्रताप सिंह, आचार्य उमेश पाल मिश्र, बृजेश द्विवेदी, हृदय नारायण मिश्र, नंदलाल तिवारी, राजेश तिवारी, नागेन्द्र अनुज, अभिमन्यु सिंह, गंगाप्रसाद पाण्डेय, अरूण द्विवेदी, राजेश मिश्रा, आरडी यादव, विनय शुक्ल, प्रकाशचंद्र मिश्र, प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, डा. शिवमूर्ति शास्त्री, डा. आरपी मिश्र आदि ने शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की लगातार दूसरी बार शानदार जीत को क्षेत्र के लिए बडी उपलब्धि ठहराया। वहीं तहसील परिसर मे अधिवक्ताओं ने भी बैठक के जरिए शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी की जीत पर खुशी जाहिर की। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, विनोद मिश्र, संजय द्विवेदी, देवी प्रसाद मिश्र, अजय शुक्ल, शेष तिवारी, रामअभिलाष आदि रहे।

# डीएम ने धान क्रय केन्द्र अझुवा मण्डी का किया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को धान क्रय केन्द्र अझुवॉ मण्डी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि किसानों को अपने धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि धान खरीद में यदि किसी भी प्रकार की शिकायत पायी गयी तो संबंधित क्रय केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्हेने क्रय केन्द्र प्रभारी को क्रय केन्द्र पर नमी मापक यन्त्र सहित अन्य सभी प्रकार के यन्त्रो को निरन्तर क्रियाशील रखने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्र प्रभारी को क्रय केन्द्र पर पीने के पानी, बैठने की व्यवस्था, विद्युत की व्यवस्था तथा


धान खरीद केंद्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

प्रतिदिन की कार्रवाइयों को रजिस्टर में दर्ज करने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें एवं कार्रवाइयां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को तथा क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि किसानों के धान खरीद का मूल्य निर्धारित समय सीमा में उनके खाते में आवश्यक रूप से पहुंच जाना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदाशीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्हेने क्रय केन्द्रो पर साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था निरन्तर बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि धान खरीद में किसी भी बिचौलिए का हस्ताक्षेप नहीं होना चाहिए, बिचौलियों से किसी भी दशा में धान न खरीदा जाये। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया है कि वे अपने स्तर से सभी क्रय केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित करना सुनिश्चित करें कि वे सभी अपने-अपने क्षेत्र के किसानों को अपने धान का नमूना क्रय केन्द्र पर लाकर चेक करा लें, जिससे कि धान की वस्तु स्थिति से किसान अवगत हो सके और वे विक्रय योग्य धान को ही क्रय केन्द्रों पर ले आयें, जिससे किसानों को अनावश्यक रूप से धान विक्रय के संबंध में परेशानी न उठानी पडे.। जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को लक्ष्य के सापेक्ष धान खरीद की कार्यवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि सभी धान क्रय केन्द्रों पर किसानों के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था रहे, जिससे किसान अपना रजिस्ट्रेशन करा सकें।

### धान क्रय केन्द्रों से धान का उठान निरन्तर करते रहे मिलर : डीएम

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में धान खरीद एंव उठान की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी राइस मीलरों को निर्देशित करते हुह कहा कि सभी धान क्रय केन्द्रों से धान की उठान मिलर निरन्तर करते रहे उन्होनें मील मालिकों से कहा कि धान क्रय केन्द्रों में बोरे की कमी न होने पाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, डिप्टी आरएमओ अंशुमाली, राइस मीलरों सहित अन्य लोग उपस्थित रह।

# तीन मासूम बच्चों की बर्बर हत्या दिलदहला देने वाली स्तब्धकारी घटना : प्रमोद

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने मिर्जापुर मे तीन मासूम बच्चों की बर्बर हत्या को यूपी की दिल दहला देने वाली खौफनाक घटना करार दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि मासूम बच्चो की भयावह तरीके से आंख निकालकर गला दबाकर की गई हत्या से यह स्पष्ट हो गया है कि प्रदेश मे अब कानून और व्यवस्था नाम की कोई चीज नही रह गयी है। श्री तिवारी ने कहा कि मात्र बारह से तेरह वर्ष की आयु के मासूम बच्चों की जघन्य हत्या की इस स्तब्धकारी घटना से यह भी साबित हो गया है कि प्रदेश मे अपराधियो के मन मे पुलिस का कोई भय नही रह गया है। उन्होने प्रदेश सरकार से कहा है कि इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए वह जबाबदेही के साथ दोषी अपराधियो को कानून के मुताबिक कठोरतम दण्ड सुनिश्चित कराये। वहीं मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से यहां जारी बयान मे प्रमोद तिवारी ने किसानो के साथ सरकार की बैठक के बेनतीजा होने को लेकर कहा कि इस सरकार के किसानो के हित को लेकर न तो नीति सही है और न नीयत। उन्होने कहा कि आखिर फसल की उपज को लेकर किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारण्टी चाहता है तो इसमे मोदी सरकार को क्या दिक्कत हो रही है। प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर पर भी तंज कसा कि उनकी डोर प्रधानमंत्री कार्यालय तक ही है।